## PRESS RELEASE

# North Eastern Council Secretariat Observes Vigilance Awareness Week 2026 under the Theme “Probity for Prosperity”

https://necouncil.gov.in/publication/press-releases

**SHILLONG, October 26, 2026:** The North Eastern Council (NEC) Secretariat, Shillong, is observing *Vigilance Awareness Week 2026* from October 26 to November 1, 2026, in accordance with the programme issued by the Central Vigilance Commission (CVC). This year's theme, **“सत्यनिष्ठा से समृद्धि / Probity for Prosperity,”** underscores the importance of integrity, transparency, accountability and ethical conduct in public administration.

The observance commenced with an **Integrity Pledge-taking Ceremony** at the NEC Office Complex, administered by Smt. Sherry Lalthangzo, Economic Adviser, NEC, and taken by officers and staff of the Secretariat. The initiative aims to reaffirm the collective commitment of the organization towards upholding the highest standards of integrity and promoting ethical practices in official functioning.




The observance of the *Vigilance Awareness Week 2026* began with the administration of the Integrity Pledge, followed by a Vigilance March to promote awareness about integrity and ethical conduct. Officers, staff and various sections of the Secretariat are also undertaking initiatives to publicize the Integrity Pledge among families, acquaintances, vendors, suppliers, contractors, students and other stakeholders to encourage wider participation.






**Other key activities scheduled during the observance include:**

- **Debate and Written Quiz Competition (October 27, 2026):** A debate on preventive vigilance and a written quiz competition on vigilance-related matters are scheduled at the NEC Auditorium to enhance awareness and understanding of vigilance practices among officers and staff.
- **Bilingual Essay-Writing and Poster-Making Competitions (October 28, 2026):** Essay-writing in Hindi and English, along with a poster-making competition, will

provide a platform for participants to express their perspectives on integrity, transparency and preventive vigilance.

- **Discussion on Preventive Vigilance (October 29, 2026):** A discussion on preventive vigilance is scheduled to encourage deliberation on measures to strengthen accountability, promote ethical decision-making and prevent irregularities in public administration.
- **Prize Distribution Ceremony (October 30, 2026):** The programme will conclude its scheduled activities with a prize distribution ceremony at the NEC Auditorium to recognise the participants and winners of the various competitions organised during the observance.

As part of the initiative, the Information and Public Relations (IPR) Sector and the Social Media Team of NEC are undertaking social media initiatives to disseminate information on vigilance through the official social media platforms of the North Eastern Council, while also tagging the Central Vigilance Commission to facilitate wider outreach and public awareness.

Through these initiatives, the NEC Secretariat seeks to reinforce the importance of preventive vigilance, foster a culture of integrity and transparency, and encourage officers and staff to uphold ethical values in the discharge of their official responsibilities.

The North Eastern Council Secretariat reiterates its commitment to promoting good governance through integrity, accountability and probity in public service, recognizing that **ethical conduct and transparency are essential pillars of public trust and sustainable development.**




**********

**प्रेस विज्ञप्ति**

# उत्तर पूर्वी परिषद सचिवालय द्वारा "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" विषय के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का आयोजन

https://necouncil.gov.in

**शिलांग, 26 अक्टूबर, 2026:** उत्तर पूर्वी परिषद (एन.ई.सी.) सचिवालय, शिलांग द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी.वी.सी.) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर, 2026 तक *सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026* मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय **"सत्यनिष्ठा से समृद्धि / Probity for Prosperity"** लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण के महत्व को रेखांकित करता है।

इस आयोजन का शुभारंभ उत्तर पूर्वी परिषद कार्यालय परिसर में **सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह** के साथ हुआ, जिसमें श्रीमती शेरी लालथांगज़ो, आर्थिक सलाहकार, उत्तर पूर्वी परिषद द्वारा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस पहल का उद्देश्य सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने तथा शासकीय कार्यकलापों में नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के प्रति संगठन की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करना है।



*सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026* का शुभारंभ सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाए जाने के साथ हुआ, जिसके पश्चात् सत्यनिष्ठा एवं नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सतर्कता पदयात्रा (विजिलेंस मार्च) निकाली गई। व्यापक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सचिवालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न अनुभागों द्वारा परिवारजनों, परिचितों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, विद्यार्थियों एवं अन्य हितधारकों के बीच सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के प्रचार-प्रसार हेतु भी पहल की जा रही है।






**इस आयोजन के दौरान निर्धारित अन्य प्रमुख गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं:**

- **वाद-विवाद एवं लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (27 अक्टूबर, 2026):** अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच सतर्कता संबंधी कार्यप्रणालियों के प्रति जागरूकता एवं समझ बढ़ाने हेतु उत्तर पूर्वी परिषद सभागार में निवारक सतर्कता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा सतर्कता संबंधी विषयों पर लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित है।

- **द्विभाषी निबंध-लेखन एवं पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिताएँ (28 अक्टूबर, 2026):** हिंदी एवं अंग्रेजी में निबंध-लेखन तथा पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं निवारक सतर्कता पर अपने विचार अभिव्यक्त करने हेतु एक मंच प्रदान करेंगी।
- **निवारक सतर्कता पर परिचर्चा (29 अक्टूबर, 2026):** जवाबदेही को सुदृढ़ करने, नैतिक निर्णय-प्रक्रिया को बढ़ावा देने तथा लोक प्रशासन में अनियमितताओं की रोकथाम हेतु उपायों पर विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निवारक सतर्कता पर एक परिचर्चा का आयोजन निर्धारित है।
- **पुरस्कार वितरण समारोह (30 अक्टूबर, 2026):** इस आयोजन के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को सम्मानित करने हेतु उत्तर पूर्वी परिषद सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम की निर्धारित गतिविधियों का समापन होगा।

इस पहल के अंतर्गत, उत्तर पूर्वी परिषद के सूचना एवं जनसंपर्क (आई.पी.आर.) सेक्टर तथा सोशल मीडिया टीम द्वारा उत्तर पूर्वी परिषद के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से सतर्कता संबंधी जानकारी के प्रसार हेतु पहल की जा रही है। साथ ही, व्यापक पहुँच एवं जन-जागरूकता सुनिश्चित करने हेतु केन्द्रीय सतर्कता आयोग को भी टैग किया जा रहा है।

इन पहलों के माध्यम से उत्तर पूर्वी परिषद सचिवालय का उद्देश्य निवारक सतर्कता के महत्व को सुदृढ़ करना, सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में नैतिक मूल्यों का पालन करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

उत्तर पूर्वी परिषद सचिवालय लोक सेवा में सत्यनिष्ठा, जवाबदेही एवं ईमानदारी के माध्यम से सुशासन को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है, इस मान्यता के साथ कि **नैतिक आचरण एवं पारदर्शिता जन-विश्वास एवं सतत विकास के आवश्यक स्तंभ हैं।**


NORTH EASTERN COUNCIL
SECRETARIAT
VIGILANCE AWARENESS WEEK, 2026
SAY NO
to
CORRUPTION

**********